Nai Dunia (Indore), 23rd December 2020, Page-5

# तीन दिवसीय सॉफ्ट कंप्यूटिंग सम्मेलन में आए 344 शोधपत्र

## सॉक्सप्रॉस 2020

- 10वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की आइआइटी इंदौर ने की सहमेजबानी
- 37 प्रतिशत शोधपत्रों को विशेषज्ञ समिति ने किया स्वीकृत

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सॉफ्ट कंप्यूटिंग रिसर्च सोसाइटी (एससीआरएस) व आइआइटी इंदौर द्वारा तीन दिवसीय सॉफ्ट कंप्यूटिंग फॉर प्रॉब्लम सॉल्विंग (सॉक्सप्रॉस 2020) के 10वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। ऑनलाइन हुए सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ऑप्टिमाइजेशन और सॉफ्ट कंप्यूटिंग से जुड़े विषयों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। सम्मेलन में 334 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिसमें 37 प्रतिशत को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। शोधपत्रों को स्प्रिंगर द्वारा दो पुस्तकों में प्रकाशित किया जाएगा। सॉफ्ट कंप्यूटिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रोफेसर चंद्र मोहन गोल्ड मेडल की स्थापना की गई। आइएसआइ कोलकाता के प्रो. शंकर पाल को यह मेडल प्रदान किया। 18 से 20 दिसंबर तक चले इस सम्मेलन में 12 शिक्षाविदों ने अपने-अपने विचार रखे। 14 उत्कृष्ट और पांच सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र पुरस्कार (स्प्रिंगर द्वारा प्रायोजित) दिए गए। सम्मेलन में 'संज्ञानात्मक विज्ञान' और 'रिमोट सेंसिंग' पर दो विशेष सत्र थे। सम्मेलन का उद्घाटन आइआइटी इंदौर बोर्ड ऑफ गवर्नर के चेयरमैन प्रोफेसर दीपक बी फाटक, कार्यवाहक निदेशक आइआइटी इंदौर प्रो. नीलेश कुमार जैन और आइआइटी रुड़की और आइआइटी मंडी के निदेशक प्रो. अजीत के. चतुर्वेदी ने किया।

TENDER FOR DISPOSAL OF WATER/ FIRE DAMAGED COTTON SEED (AROUND 577 M. TONNES) BUILDING STRUCTURAL STEEL/ G.I. SHEETS AND PLANT & MACHINERY SCRAP.

Sealed Tenders for Disposal of water & fire damaged Cotton Seed (577 M. Tonnes approx.), building structural steel/G. I. sheets. And Plant & Machinery Scrap

M/S. ANAND MOHATA AGRO